भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2509

जिसका उत्तर दिनांक 16.03.2022 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा का उत्पादन

2509. **श्री रमेश बिधूड़ी :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने परमाणु ऊर्जा की हालिया बढ़ती हुई मांग के अनुरूप देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में कोई कदम उठाये हैं/उठाने की योजना है;

(ख) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई लक्ष्य/समय-सीमा निर्धारित की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) जी, हां ।

(ख) पिछले पांच वर्षों में, सरकार ने नाभिकीय विद्युत क्षमता बढ़ाने के लिए 9000 मेगावाट की कुल क्षमता वाले 12 नाभिकीय विद्युत संयंत्रों (केकेएनपीपी 5 तथा 6 और फ्लीट मोड) का प्रशासनिक अनुमोदन और वित्तीय मंजूरी प्रदान कर दी है ।

(ग) तथा (घ) निर्माणाधीन (8700 मेगावाट) और मंजूरी प्राप्त (7000 मेगावाट) परियोजनाओं के क्रमिक रूप से पूरा होने पर, वर्ष 2031 तक नाभिकीय विद्युत क्षमता के वर्तमान 6780 मेगावाट से बढ़कर 22480 मेगावाट तक पहुंचने की आशा है ।

* * * * *